ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति के त्याग–पत्र को स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रो॰ सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति–पद के दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकृत किया

पटना, 05 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो॰ जी॰सी॰आर॰ जायसवाल के त्याग–पत्र को तात्कालिक प्रभाव से स्वीकृति प्रदान करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो॰ सुरेन्द्र प्रताप सिंह को अपने पद–दायित्वों के अतिरिक्त पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति–पद के दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकृत कर दिया है। यह एक पूर्णतः अस्थायी व्यवस्था है जो अगले आदेश तक तात्कालिक प्रभाव से लागू हो गई है।

उपर्युक्त संबंध में राज्यपाल सचिवालय द्वारा आज अधिसूचना निर्गत कर दी गई है।

....